सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 02 | अंक - 198 | जौनपुर, सोमवार, 15 अप्रैल 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### संजय सिंह ने खरगे से की मुलाकात

नयी दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान लोकसभा चुनाव के लिये 'इंडिया' गठबंधन का न्यूनतम साझा कार्यक्रम पेश करने पर जोर दिया। सिंह ने कहा कि उन्होंने जेल से रिहा होने के बाद खरगे से समर्थन मांगा और कांग्रेस अध्यक्ष को यह भी बताया कि जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। दिल्ली में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। आप के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि संसद के उच्च सदन में विपक्ष के नेता के रूप में, खरगे ''हमारा समर्थन करते रहे हैं और इसलिए मैं जेल से रिहा होने के बाद उनसे मिलना चाहता था''। उन्होंने कहा, ''बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने (भाजपा के नेतृत्व वाली) सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने और जिस तरह से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, उस पर चर्चा की।'' सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने उन्हें यह भी बताया कि जेल में केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है और उनके अधिकार कैसे छीने जा रहे हैं।

### गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार करने के लिए मणिपुर जाएंगे

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में सोमवार को मणिपुर में प्रचार करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मणिपुर के अलावा शाह त्रिपुरा और राजस्थान का भी दौरा करेंगे। गृहमंत्री शाह इंफाल में एक रैली को संबोधित करेंगे और मणिपुर के शिक्षा मंत्री थौनाओजम बसंत कुमार सिंह के समर्थन में वोट मांगेंगे। सिंह आगामी चुनाव में इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार भी हैं। इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र में संघर्षग्रस्त इंफाल घाटी के 32 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद तीन मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा भड़कने के बाद से अब तक 220 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। भाजपा ने मणिपुर की अन्य लोकसभा सीट आउटर मणिपुर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है, हालांकि पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट (एन एस एफ) के उम्मीद वार को समर्थन दे रही है।

## मतदाताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में क्लीन बोल्ड कर दी जाएंगी कांग्रेस – अनराग ठाकुर

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में ''अब की बार, 40 पार'' के लिए लड़ रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 400 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2014 से पहले देश को खाली खजाने के साथ बुरी हालत में छोड़ा था। ठाकुर ने मध्य प्रदेश के पांढुर्ना जिले के दौरे में आम आदमी पार्टी (आप) को सबसे बेईमान पार्टी करार दिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया। उन्होंने छिंदवाड़ा के सांसद नकुल नाथ की भी आलोचना और कहा कहा कि वह 12 दिन काम करते हैं और पांच साल का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में वह या तो ''हिट विकेट हो जाएंगे या मतदाताओं द्वारा क्लीन बोल्ड'' कर दिए जाएंगे। ठाकुर ने पांढुर्ना में नए मतदाताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 के बाद से पिछले दशक में नए भारत की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को खाली खजाने के साथ देश छोड़कर गए 10 साल बीत चुके हैं। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति की। ठाकुर ने कहा, (सत्ता में आने के बाद) प्रधानमंत्री मोदी ने कड़ी मेहनत की और देश को इस स्थिति में पहुंचाया। नये और सशक्त भारत की नींव रखी जा चुकी है। विकसित भारत की इमारत अभी बाकी है।'' उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत भारत स्टार्टअप के लिए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में खेलों का बजट भी 800 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,300 करोड़ रुपये हो गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री ने कहा, जब कांग्रेस 10 साल (2004–14) तक सत्ता में थी, तब 682 करोड़ रुपये का खेल बुनियादी ढांचा विकसित किया गया था लेकिन मोदी सरकार ने दस साल में 3,500 करोड़ रुपये का खेल बुनियादी ढांचा



विकसित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 60 साल के शासन में देश में केवल 74 हवाई अड्डे थे, लेकिन पिछले 10 वर्ष के दौरान ही इतनी ही संख्या में नए हवाई अड्डे विकसित किए गए। ठाकुर ने कहा, ''2014 में 3.20 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कें थीं, लेकिन मोदी सरकार ने 2014 के बाद से 3.75 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया। इसी तरह, 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 96,000 किलोमीटर था, लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले दशक में 54,000 किलोमीटर नए राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में मेट्रो सुविधाओं वाले शहरों की संख्या केवल पांच से बढ़कर 20 हो गई और इसी तरह मेडिकल कॉलेज की संख्या भी 384 से बढ़कर 706 हो गई, जबकि एमबीबीएस सीट की संख्या 51,000 से बढ़कर 1.01 लाख हो गई। ठाकुर ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो 2014 में दसवें स्थान पर थी। ठाकुर ने आरोप लगाया कि स्थानीय सांसद के कारण छिंदवाड़ा विकास में पिछड़ गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा से लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए प्रयास कर रहे हैं, जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा। पांढुर्ना जिला इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल से 13 मई के बीच चार चरणों में मतदान होगा और मतों की गिनती चार जून को होगी। छिंदवाड़ा में पहले चरण में मतदान होगा। ठाकुर ने इससे पहले दिन में पत्रकारों से बात करते हुए 'आप' को सबसे बेईमान राजनीतिक दल करार दिया। 'आप' के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि भाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग कर रही है, केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''अगर कोई पूरी तरह से बेईमान व्यक्ति है तो वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। सच तो यह है कि 'आप' सबसे बेईमान राजनीतिक पार्टी है। यह झूठ बोलने में सबसे आगे है।'' उन्होंने कहा,''केजरीवाल भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए राजनीति में आये थेय लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वह भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उनके स्वास्थ्य मंत्री, जेल मंत्री, आबकारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री जेल में हैं।'' यह पूछे जाने पर कि भाजपा छिंदवाड़ा में कमलनाथ के प्रभुत्व को खत्म करने की योजना कैसे बना रही है, ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक देश पर शासन किया लेकिन अब उसके पास नेता खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ''अबकी बार, 400 पार'' के लिए लड़ रही है।

## बीजेपी का संकल्प पत्र झूठ का रिकार्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज – अखिलेश यादव



लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का घोषणापत्र ब्रह्मांड में झूठ का रिकॉर्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें लोकलुभावन उपायों और संशोधित नागरिकता कानून (एनआरसी) जैसे विवादास्पद मुद्दों से परहेज करते हुए विकास और कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। मोदी की गारंटी' शीर्षक से जारी घोषणापत्र काफी हद तक समाज के विभिन्न वर्गों को लक्षित सरकार की मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित है साथ ही इसमें 'एक–राष्ट्र–एक–चुनाव' और एनआरसी को लागू करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। जनता ने जब अपने सुनहरे भविष्य को विकल्प के रूप में चुनते हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया को जिताने व भाजपा को हराने का संकल्प ले ही लिया है।

## आंबेडकर ने भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया - सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि आंबेडकर ने भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया। यहां डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा परिसर में आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा, बड़े घर में जन्म लेकर बड़ा बनना एक उपलब्धि हो सकती है लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को एक नई प्रेरणा देना महानता की पराकाष्ठा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा, डॉ आंबेडकर ने अपने संघर्षों, बुद्धिमत्ता व सूझबूझ से इस महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया।


योगी ने कहा, उन्होंने न्याय, समता और स्वाधीनता की विषय वस्तु के साथ भारतवासियों के मन में नए उत्साह व उमंग का संचार किया। मुख्यमंत्री योगी ने यहां एक बयान में कहा कि प्रदेशवासियों को आंबेडकर की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, आज पूरा देश बाबा साहब की पावन



जयंती को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ सबका साथ–सबका विकास के भाव के साथ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, बाबा साहेब के मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में गरीब कल्याणकारी योजनाएं का संचालन कर रहे हैं। हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति, जो बाबा साहेब की परिकल्पना थी।

## भाजपा का घोषणापत्र युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्तकरने पर केंद्रित, निवेश से नौकरी पर जोर - पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार सुबह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए घोषणापत्र जारी किया। बता दें, पार्टी ने अपने मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में घोषणापत्र जारी किया है, जिसका पूरा फोकस 2047 तक भारत को विकसित बनाने पर है। घोषणापत्र जारी होने के बाद पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया गया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त करने के अलावा सम्मानजनक व गुणवत्तापूर्ण जीवन और निवेश से नौकरी पर केंद्रित है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, श्आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी



अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है। ऐसे पावन समय में आज भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। मैं आप सभी को, सभी देशवासियों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा, पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। इसका एक बड़ा कारण है। 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ – युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। उन्होंने आगे कहा, मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो। पीएम मोदी ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर–घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर–घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे। बता दें, बीजेपी के संकल्प पत्र में विकास की 14 गारंटी दी गई है। सभी को पक्का घर और स्वास्थ्य बीमा की बात कही गई है।

## स्पष्ट जनादेश से अनुच्छेद 370 निरस्त करने, राममंदिर निर्माण जैसी उपलब्धियां हासिल हो सकीं – जे पी नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने और महिला आरक्षण कानून बनाए जाने जैसी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए रविवार को कहा कि यह पार्टी को मिले स्पष्ट जनादेश के कारण ही संभव हुआ। नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियां स्पष्ट जनादेश का परिणाम हैं।'' उन्होंने गांवों में सड़कें बनाए जाने, शौचालय बनवाए जाने और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाले जाने सहित कई अन्य मुद्दों



का जिक्र किया और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कुछ उपलब्धियों के तौर पर गिनाया। 2029 में लोकसभा सदस्यों में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी। भाजपा सामाजिक न्याय के आदर्शों का पालन कर रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर घोषणापत्र जारी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता यहां भाजपा मुख्यालय में समारोह में मौजूद थे।

## मोदी सरकार में महंगाई और बेरोजगारी बहुत बढती जा रही– प्रियंका गांधी

राजस्थान, एजेंसी। भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए रविवार को राजस्थान के जालोर पहुंचीं। यहाँ उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जालौर आकर खुशी और गर्व महसूस होता है। जालौर कर्मठ लोगों की धरती है। आप सभी के लिए हमारे मन में बहुत आदर है। यहां कांग्रेस की सरकार थी, आप काम से खुश थे। कुछ गिले–शिकवे



भी थे और आपने सरकार बदली। फिर क्या हुआ, कांग्रेस सरकार की लगभग योजनाएं बंद कर दी गईं। इसलिए आज मैं चाहती हूं कि आप सभी आने वाले चुनाव में अपने विवेक से वोट दें। प्रियंका गांधी ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी जनता का ध्यान भटकाने की बातें करते रहते हैं। राजस्थान आकर बोल दिया– जन–जन के आराध्य बाबा रामदेव सा का जन्म कश्मीर में हुआ था। कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी रडार से मिसाइल को बचाने में बादल का रोल बताते हैं, कभी तब ईमेल भेजने की बात कहते हैं, जब ईमेल बना ही नहीं था और कभी मांस–मछली की बात करते हैं, आखिर इन बातों से जनता की जरूरतों का क्या मतलब है? मोदी सरकार पर सवाल उठाते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, मोदी सरकार में महंगाई और बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। लेकिन अब चुनाव आ रहा है, तो मोदी जी रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम करने की बातें कर रहे हैं। जब मेरी बहनें महंगा रसोई गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रही थीं.. तब मोदी जी कहां थे?

## पूरी दुनिया कह रही, तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी - राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि पूरी दुनिया बोल रही है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण मिल रहे हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि दुनिया मानती है कि सत्ता में उनकी वापसी अपरिहार्य है। रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक ऐसी शक्ति बन गया है, जो सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने में सक्षम है, जैसा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान देखा गया था। सिंह ने कहा, ''भारत के वैश्विक कद में वृद्धि का एक और उदाहरण सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों (कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी) की मोदी द्वारा उक्त पश्चिम एशियाई देश के प्रमुख को एक



टेलीफोन कॉल के बाद की रिहाई है। दिल्ली में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी होने के कुछ घंटों बाद यहां अपने संबोधन में भाजपा के घोषणापत्र समिति के प्रमुख सिंह ने कहा, ''अन्य पार्टियों के विपरीत हम जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं। चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर हो या अनुच्छेद 370 को निरस्त करना हो।'' तीन तलाक के खिलाफ कानून का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, ''हमने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की आलोचनाओं की परवाह किए बिना इस अमानवीय प्रथा जिससे हमारी मुस्लिम माताओं और बहनों को अनकहा दुख झेलना पड़ता था, पर रोक लगा दी। हालांकि सिंह ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को 'पुराना मित्र' बताते हुए उनकी बेटी मीसा भारती के हालिया विवादास्पद बयान पर नाराजगी व्यक्त की। लालू जी के परिवार के सदस्यों का कहना है कि अगर भाजपा सत्ता से बाहर हो गई तो नरेन्द्र मोदी को जेल भेज दिया जाएगा। मुझे उनकी इस सोच पर दया आती है क्योंकि भाजपा चुनाव जीतने जा रही है। वहीं भारती ने अपने बयान को मीडिया द्वारा तोड़– मरोड़कर पेश किये जाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बारे में बोल रही थीं।

# संपादकीय

## बाल–तस्करी

देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद–फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने–बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता–पिता के साथ–साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां–कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता–पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद–फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद–फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं।बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद–फरोश्त के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद–फरोश्त के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16–16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है। देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल–तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल–तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा। पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई।

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

सुरेश

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में "मैं भी चौकीदार" का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा। मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है। इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफ संकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं। अब जब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की कवायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वह बेचैन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन यह भी सत्य है कि विपक्ष को मजबूत करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर कर रही है, ऐसा आरोप लगाना विपक्ष की कमजोरी को ही दर्शाता है। इसलिए विपक्ष को अब एक ताकत के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

# आपदा प्रबंधन की मिसाल बनी बिजली भंडार की आगजनी

आदित्य

छग एक कहावत है जान है तो जहान है लेकिन यह समय की शिला पर उकेरा गया सबसे बड़ा सच भी है। दुनियाभर में जितने भी कर्म किये जाते हैं, उनमें सबसे बड़ा काम वही माना जाता है, जो किसी की जान बचाने के लिए किया गया हो। 05 अप्रैल 2024 को छत्तीसगढ़ की राजधानी, रायपुर के आसमान पर जो काले धुंये का गुबार छाया था, वह सारे शहर में दहशत फैला रहा था कि पता नहीं कितनों की जान और माल पर कितना खतरा मंडरा रहा है? आग के बारे में कहा जाता है कि वह पानी से बुझती है लेकिन तेल की आग पर पानी भी बेअसर होता है, तो सवाल उठता है कि ऐसी आग कैसे बुझेगी ? अब इस आग की विकरालता के साथ जुड़ी अन्य चुनौतियों पर भी गौर करना जरूरी है। घनी बस्ती व ऑयल से भरे डिब्बा बन्द एक ओर 132 के.वी. क्षमता का विद्युत उपकेंद्र और दूसरी ओर घनी बस्ती। उस घनी बस्ती और भभकती ज्वाला के बीच ऑयल से भरे हुए डिब्बाबंद ड्रम। एक छोटी सी बोतल में भरा पेट्रोल कितना विध्वंसक होता है, यह सब को पता है, तो ऑयल भरा हुआ डिब्बाबंद ड्रम कितना कहर ढा सकता है? दूसरों की जान की परवाह करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य यह सोचकर भी आत्मा कांप उठे। वह पर ऐसा एक नहीं, अनेक ड्रम थे। इन ड्रमों को वहां से हटा देना ही भयानक शक्तिशाली बमों को डिफ्यूज करने जैसा राहतकारी कदम था। थोड़ी ही दूरी पर, खुले मैदान पर पड़े ऑयल भरे ट्रांसफार्मर बमों की तरह फट रहे थे और उससे थोड़ी दूर ऑयल के ड्रमों को हटाने के लिए अपनी जान की बाजी वही लगा सकता है, जो दूसरों की जान की परवाह करता हो और जान बचाने को ही सबसे बड़ा कर्तव्य समझता हो। अधिकारियों के फर्ज तो औरो के लिए प्रेरणा ऐसे कुछ वीडियोज वायरल हुए हैं, जिसमें एक महिला और कुछ पुरुष अधिकारी स्वयं ऑयल भरे ड्रमों को धकेलकर आग की जद से दूर ले जाते दिख रहे हैं। जैसे कि युद्ध जैसी बमबारी और धमाकों के बीच भी उन्हें सिर्फ एक ही आवाज सुनाई दे रही हो , बचाव, बचाव, बचाव। इनके साहस और जज्बे को सलाम करने के बजाय जो लोग दूरबीन लेकर लापरवाही ढूंढ रहे हैं, उनसे कुछ कहना निरर्थक है । श्रेष्ठतम प्रबंधन ही सर्वश्रेष्ठ रास्ता होता जाहिर है कि ऐसे हालातों के बीच वही व्यक्ति काम कर पाता है, जो यह जानता हो कि प्रिवेंटिव मेन्टेनेन्स की अपनी अहमियत तो है ही, लेकिन जब कोई आपदा आ ही गई हो तो उससे निपटने का हर संभव और श्रेष्ठतम प्रबंधन ही सर्वश्रेष्ठ रास्ता होता है। न्यूनतम क्षति के साथ संकट से निजात आपदा प्रबंधन का सबसे बड़ा सिद्धांत है, न्यूनतम क्षति के साथ संकट से निजात। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय भंडार के अग्निकांड में जन हानि न होना और आम जनता की निजी संपत्तियों का लेशमात्र भी नुकसान न होना आपदा प्रबंधन की सबसे बड़ी कसौटी थी। इस कसौटी और चुनौती में खरा उतरना बेहद राहतदायी है। शहर के बड़े हिस्से में विद्युत आपूर्ति करने वाले 132 केवी उपकेंद्र, ऑयल के ड्रम, लगभग 100 ट्रांसफार्मर और अन्य कीमती उपकरण आग की भेंट चढ़ने से बच गए, यह निश्चय ही उपलब्धि है लेकिन इतनी भयानक आग में जनहानि नहीं होना अतुलनीय उपलब्धि है और इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा, उनके संबल की बहुत बड़ी प्रेरणा ने अपना काम किया। बेहतर समन्वय से उत्कृष्ट परिणाम छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग के सचिव श्री पी.दयानंद की भूमिका भी रेखांकित करने योग्य है।

श्री दयानंद ने पहले भी कई बार कहा है कि दुर्घटना न हो, इससे सुखद कुछ हो नहीं सकता लेकिन अगर कुछ अनहोनी घट ही गई हो तो संसाधनों के बेहतर समन्वय और सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन का कोई विकल्प नहीं होता। यही सीख 5 अप्रैल को काम आ गई।

# नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के घुटनों को छुआ

विनोद

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की रैली में 15 मिनट लंबा भाषण



दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बगल में अपनी सीट ले ली, जो भाषण की सराहना करने लगे। सीएम ने अपना आभार व्यक्त करने के लिए हाथ जोड़े और मोदी के घुटनों को छुआ। इस छोटे से इशारे ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया और विपक्षी नेताओं ने तुरंत इसे यह चित्रित करने की कोशिश की कि नीतीश 56 इंच की छाती का दावा करने वाले व्यक्ति के सामने झुक रहे हैं और आत्मसमर्पण कर रहे हैं। दूसरी ओर, इस इशारे ने उन अफवाहों के बीच नीतीश के स्वास्थ्य के बारे में भी चिंता जताई कि वह मनोभ्रंश से पीड़ित हैं। उनके करीबी लोगों ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में उनमें अपने से छोटे लोगों के पैर छूने की प्रवृत्ति विकसित हुई है। कभी–कभी वह लोक सेवकों सहित उनसे हाथ जोड़कर कुछ कार्यों में तेजी लाने का अनुरोध करते हैं। इसके साथ ही, कई मौकों पर अचानक उत्तेजित, उत्तेजित और गुस्सा होने जैसे लक्षणों ने नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। "मैं उनसे हाल ही में एक समारोह में मिला था। उन्होंने मुझसे पूछा कि मेरी तबीयत कैसी है. मैंने उससे कहा कि मैं ठीक हूं और उससे अपने बारे में बताने को कहा, जिस पर वह बस मुस्कुराया और चुप रहा। वह उसका सामान्य स्वरूप नहीं है, बल्कि उसकी ही परछाई मात्र है। इससे मुझे बहुत दुख हुआ,श्श नीतीश के एक पुराने मित्र ने साझा किया। राजनेताओं के एक वर्ग ने कहा कि विपक्ष को चुनावी मौसम में एक अंक हासिल करने के अवसर का लाभ उठाने के बजाय कुछ मानवता दिखानी चाहिए थी। "नीतीश जी ने कभी भी लालू प्रसाद की बीमारी का मजाक नहीं उड़ाया। इसके विपरीत, लालू ने पिछले महीने एक रैली में डिमेंशिया के लक्षणों पर मजाक उड़ाया था. और अब उनका बेटा, तेजस्वी भी इसमें शामिल हो गया है, उनमें से एक ने कहा। कुशल राजनीतिज्ञ बीजू जनता दल के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं और जानते हैं कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी को कैसे मात देनी है। बीजद के साथ गठबंधन की बातचीत विफल होने के बाद, भाजपा ने पूर्व नेताओं की खरीद–फरोख्त शुरू कर दी। कई बीजद नेता जो पार्टी के पक्ष से बाहर हो गए थे और उन्हें पार्टी से टिकट मिलने की संभावना नहीं थी, वे भाजपा में शामिल हो गए और बीजद और नेतृत्व की कार्यप्रणाली की आलोचना करने लगे। इसने नेतृत्व को शर्मनाक स्थिति में डाल दिया. इसके बाद पटनायक ने एक मास्टरस्ट्रोक खेला और भाजपा राज्य इकाई के दो उपाध्यक्षों – लेखाश्री सामंतसिंघर, जो कभी उनकी सरकार की कटु आलोचक थीं, और भृगु बक्शीपात्र – को बीजद में लाकर राज्य में भाजपा को तोड़ दिया। दोनों कभी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सहयोगी थे और उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बीजद ने पार्टी टिकट से पुरस्कृत किया है। बालासोर में जहां सामंतसिंघर को पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी के खिलाफ खड़ा किया गया है, वहीं बरहामपुर में बक्सीपात्रा का मुकाबला प्रदीप पाणिग्रही से होगा, जो कभी बीजद विधायक थे, जिन्हें पार्टी ने अनुशासनात्मक आधार पर निष्कासित कर दिया था। इन दोनों के अलावा, कई अन्य भाजपा नेता बीजद में शामिल हो गए हैं, जिससे राज्य इकाई को झटका लगा है। नवीन ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर बाजी पलट दी है। दोषी करार दिया गया जब राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद की सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती ने लोगों से कहा कि केंद्र में सरकार बनाने के लिए इंडिया ब्लॉक को मौका दिया जाए, तो सारी स्थिति खराब हो गई, ताकि प्रधानमंत्री और अन्य भाजपा नेताओं को पीछे रखा जा सके। जल्द ही बार. वह राज्यसभा सदस्य हैं और वर्तमान में बिहार के पाटलिपुत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उनके शब्दों पर भाजपा और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने उन पर प्रतिशोध की भावना रखने का आरोप लगाया। वह मीडिया पर उनकी बातों को तोड़–मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाकर अपनी बात से पलट गईं। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गया में एक सार्वजनिक रैली में कहा, श्शविपक्ष को जितना विरोध करना है कर ले, मोदी सरकार भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेगी. नरेंद्र मोदी ने हर भ्रष्ट व्यक्ति को जेल भेजने और गरीब लोगों का पैसा वापस करने का वादा किया है। इस बयान पर कोई विरोध नहीं हुआ, जबकि कई लोगों ने कहा कि यह तय करना कि कोई आरोपी भ्रष्ट है या नहीं और उसे जेल भेजना न्यायपालिका का काम है। कार्यपालिका, अधिक से अधिक, किसी को गिरफ्तार कर सकती है। अखिरी सहारा एचडी कुमारस्वामी अपने पारंपरिक वोक्कालिगा वोट बैंक को यह विश्वास दिलाने में व्यस्त हैं कि जनता दल (सेक्युलर) अपनी मूल किसान समर्थक, धर्मनिरपेक्ष समर्थक विचारधारा को बनाए रखेगा, भले ही वह भाजपा के साथ साझेदारी में हो। खोई जमीन वापस पाने की आखिरी कोशिश में कुमारस्वामी चाहते हैं कि उनके समर्थक उनकी बातों पर विश्वास करें और कांग्रेस के अभियान से प्रभावित न हों। उनके अनुसार, यहां तक कि उनके पिता और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, जिन्होंने अप्रैल 2014 में वादा किया था कि अगर नरेंद्र मोदी पीएम बने तो देश छोड़ देंगे, ने भी वर्तमान पीएम के साथ पार्टी के लक्ष्यों को साझा किया है।

# भारत के राज्य के जहाज को चलाने के लिए पाठ्यक्रम में सुधार महत्वपूर्ण

आसिफ

बड़े व्यवसाय छोटे–मोटे उतार–चढ़ाव वाले चुनावों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे राज्य के शक्तिशाली जहाज को कोई परेशानी नहीं होती है और लोकतांत्रिक शक्ति की छवि बनी रहती है। मध्यवर्गीय भारत – इसका ज्यादातर हिस्सा सीधे तौर पर बड़े व्यवसाय या सरकार पर निर्भर है – लगभग 121 मिलियन लोग इससे सहमत हैं। चुनावी बांड (ईबी) के मामले पर विचार करें – एक उपकरण जो 2017 में कानून बनाया गया और 2018 में शुरू हुआ – राजनीतिक दलों को दान को गुमनाम करने के लिए। इस साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें खारिज कर दिया था – एक उचित रूप से प्रशंसित निर्णय, पारदर्शिता के लिए एक प्लस लेकिन पार्टी के वित्तपोषण में एक मामूली लहर। स्तरित शेल कंपनियां सार्वजनिक प्रकटीकरण के बदले कॉरपोरेट्स को सेवा प्रदान कर सकती हैं। 2018 में चुनावी बांड के माध्यम से काले धन को समाप्त करने के बड़े–बड़े दावों के बावजूद, इस योजना के माध्यम से आने वाली राशि मामूली है – पांच वर्षों में 0.17 ट्रिलियन रुपये। अप्रैल 2019 से, का बाजार मूल्यांकन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोगुना होकर करीब 400 ट्रिलियन रुपये हो गया है. 2019 से शुरू होने वाले पांच वर्षों में ईबी के माध्यम से दान का वार्षिक प्रवाह 300 ट्रिलियन रुपये के औसत बाजार मूल्य का सिर्फ 0.011 प्रतिशत था। यह ष्अर्ध अच्छे संबंध करष कॉर्पोरेट बाजार मूल्य के प्रति 100 रुपये पर 1.1 पैसे था। इसकी तुलना सरकार द्वारा 2019–20 में कॉरपोरेट्स को दिए गए बोनस से करें। यदि मौजूदा फर्मों ने कर छूट छोड़ दी तो कॉर्पोरेट टैक्स 30 से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया और नई फर्मों के लिए 18 से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। फॉर्च्यून पत्रिका जुलाई 2021 ने भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध पत्र का हवाला दिया, जिसमें अनुमान लगाया गया कि कर कटौती ने कॉर्पोरेट शीर्ष–पंक्तियों में 19 प्रतिशत जोड़ा – उनके बाजार मूल्य के केवल 0.011 प्रतिशत मूल्य के निवेश के लिए बिल्कुल भी बुरा सौदा नहीं है। बड़े कॉरपोरेट्स के लिए सरकारी समर्थन तेजी से जारी है और मई 2019 के बाद से सूचीबद्ध शेयरों के बाजार मूल्य में लगभग दोगुनी वृद्धि का प्राथमिक चालक है। पार्टी अभी खत्म नहीं हुई है। यदि सरकार को समान दर पर संपत्ति कर लगाना होता, तो औसत मध्यम वर्ग के व्यक्ति (अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, चार लोगों के परिवार के लिए 1 से 4.8 लाख रुपये के बीच मासिक आय) को प्रति वर्ष 110,000 रुपये का भुगतान करने के बाद भी लाभ होता। 1 करोड़ रुपये (10 मिलियन) की संपत्ति, यदि आयकर की दरें 12 लाख रुपये (1.2 मिलियन) के लिए पांच प्रतिशत से लेकर 60 लाख (6 मिलियन) रुपये प्रति वर्ष के लिए 22 प्रतिशत के बीच हों। यह बचत के वित्तीयकरण को भी प्रोत्साहित करेगा, जो अब कम–रिटर्न वाली अचल संपत्ति में अधिक है। मध्यवर्गीय लोग सरकार की नकदी गाय हैं। खरीदारी पर आयकर और वस्तु एवं सेवा कर उनकी आय का 40 फीसदी हिस्सा खा जाते हैं, जिससे उनके पास प्रत्येक 1,000 रुपये की आय पर केवल 600 रुपये रह जाते हैं। बड़े व्यवसाय – 2019 के बाद से लगभग 13 प्रतिशत प्रति वर्ष (वर्तमान शर्तों) की दर से बढ़ रहे हैं, जिससे वार्षिक आर्थिक वृद्धि (कोविद –19 मंदी 2020–2021 को छोड़कर) को बढ़ावा मिला है। न ही सरकार कोविड–19 से निपटने के लिए खर्च का बटन दबाने से कतरा रही थी। राजकोषीय घाटा 2019–20 में 9.3 ट्रिलियन रुपये से बढ़कर 2020–21 में 18.2 ट्रिलियन रुपये हो गया और 2023–24 (वर्तमान शर्तों) में 17.8 ट्रिलियन रुपये पर बना हुआ है। राजकोषीय घाटा दोगुना होने की तुलना में, अर्थव्यवस्था वर्तमान संदर्भ में 200.7 ट्रिलियन रुपये से लगभग आधी बढ़कर 294 ट्रिलियन रुपये हो गई। व्यापार बाजार मूल्यांकन में तेजी से वृद्धि के प्रभाव से निजी खपत को लाभ हुआ। मार्च 2024 तक 151 मिलियन डीमैट खाते थे, हालांकि स्टॉकधारकों की संख्या कम है क्योंकि कई डीमैट (ऑनलाइन) खाते रखने की अनुमति है। स्टॉकधारकों और स्टॉक–मालिक कर्मचारियों ने बाजार के बढ़ते मूल्यांकन के आय प्रभाव का आनंद लिया है। सकल घरेलू उत्पाद में निजी उपभोग की हिस्सेदारी पहले के लगभग 59 प्रतिशत से बढ़कर 60–61 प्रतिशत हो गई, लेकिन अटल बिहारी वाजपेई के वर्षों 2000–2004 में 62–64 प्रतिशत हिस्सेदारी से बहुत दूर है। निजी निवेश के लिए एक बड़ी गिरावट 6.5 प्रतिशत की उच्च–मुद्रास्फीति को खघ्त्म करने वाली आरबीआई नीति दर है,

जो 10 से 12 प्रतिशत के बीच व्यक्तिगत ऋण में तब्दील हो जाती है। ब्याज दर कम करने से निजी उपभोग और निवेश की दर में तेजी आ सकती है। लेकिन यह कदम मौजूदा आम चुनाव के बाद सरकार द्वारा अपने उच्च राजकोषीय घाटे को शीघ्र सामान्य करने पर निर्भर है। कठिन हिस्सा कम आर्थिक दक्षता और राजनीतिक रूप से संचालित बजट आवंटन को रद्द करना है। राजकोषीय सख्ती की गुंजाइश संकीर्ण है – वोट आने के बाद एक कठिन बजट – परिचित पंचवार्षिक खर्च की होड़ से पहले, लगातार तीन वर्षों तक। पार्टी को बढ़ावा देने वाले वोट भारत में 1.2 अरब कम आय वाले लोगों के पास हैं, जो वैश्विक कम आय वाली आबादी का एक तिहाई हैं, जो वैश्विक आबादी में हमारी हिस्सेदारी 17 प्रतिशत से कहीं अधिक है। प्रति माह 1 लाख रुपये (0.1 मिलियन रुपये) से कम आय स्तर पर, चार लोगों के परिवार के लिए और इसका कम से कम आधा हिस्सा भोजन पर खर्च किया जाता है – मुफ्त चीजें काफी मायने रखती हैं। महत्वाकांक्षी परिवार – जैसा कि भारतीयों के इस समूह को दयालु आत्माओं द्वारा चिह्नित किया जाता है – शिक्षा और स्वास्थ्य पर अपनी जेब से खर्च करते हैं। सार्वजनिक सुविधाएं दुखद रूप से बदहाल हैं। मुफ्त चीजें समता, जवाबदेही का भ्रम प्रदान करती हैं और एक देखभाल करने वाली सरकार का प्रदर्शन करती हैं। हालाँकि, यदि उच्च–गुणवत्ता, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा लाभों से जुड़ी शिक्षा उपलब्ध होती, तो अधिकांश मुफ्त चीजों को छोड़ दिया जा सकता था – एक ठाठ केन और अंडे की समस्या. इन क्षेत्रों के लिए परिव्यय बढ़ाने का अर्थ है गैर–योग्यता वाली राजनीतिक सब्सिडी में कटौती करना। भविष्य का मूल्य अनुसंधान और विकास क्षमता के माध्यम से उत्पादकता में निहित है, जिसके लिए, हमारे बच्चों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, एसटीईएम क्षमताओं से समान रूप से सुसज्जित होना चाहिए। यदि चार पाठ्यक्रम सुधार किए जाएं तो भारत का आलीशान राज्य जहाज आसानी से चल सकता है।

## समस्त एलोपैथिक पद्धति के निजी चिकित्सालयों/ नर्सिंगहोम/ क्लीनिक/ पैथोलॉजी /डायग्नोस्टिक सेन्टर इत्यादि के संचालक 30 अप्रैल तक कराए नवीनीकरण - सीएमओ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने जनपद जौनपुर में संचालित समस्त एलोपैथिक पद्धति के संचालकों को अवगत कराना है कि निजी चिकित्सालयों/ नर्सिंगहोम/ क्लीनिक/ पैथोलॉजी/ डायग्नोस्टिक सेन्टर इत्यादि के संचालन से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में पंजीकरणध नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में बिना पंजीकरण करायें संचालन करना अवैध है। 50 शैय्या से कम क्षमता वाले नैदानिक स्थापनों की पंजीकरण/नवीनीकरण पूर्व में प्रचलित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा। अतः समस्त एलोपैथिक पद्वति के निजी चिकित्सालयों/ नर्सिगहोम/ क्लीनिक/ पैथोलॉजी/ डायग्नोस्टिक सेन्टर इत्यादि के संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान के पंजीकरण के नवीनीकरण हेतु निर्धारित वेबसाइट UP-health.in पर 30 अप्रैल 2024 तक प्रत्येक दशा में ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। 30 अप्रैल 2024 को रात्रि 12:00 बजे के बाद नवीनीकरण हेतु किये जाने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जायेगा तथा उक्त संस्थान के आवेदन को अस्वीकार करते हुये, पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेगा एवं विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी साथ ही साथ आपको यह भी अवगत कराना है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पोर्टल पर जाकर अपने HFR (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) तथा HFR (हेल्थ केयर प्रोफेसनल्स रजिस्ट्री) का रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें, क्योंकि उक्त व्यवस्था वर्ष 2024 के नवीनीकरण हेतु अनिवार्य हो गयी है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात समस्त अभिलेखों (चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ के शैक्षिक योग्यता के अभिलेख, शपथ–पत्र, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अग्नि–शमन विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र जिसकी वैधता तिथि 30 अप्रैल 2025 तक हो इत्यादि) की मूल प्रति कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे एवं प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले चिकित्सक का भौतिक सत्यापन कार्यालय में करायेंगे, तत्पश्चात नवीनीकरणध पंजीकरण किया जायेगा। उन्होंने समस्त निजी प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया है कि अपने चिकित्सालय से सम्बन्धित समस्त विवरण (चिकित्सक व पैरामेडिकल का नाम, रजिस्ट्रेशन नम्बर इत्यादि) 5X3 (15 वर्ग फुट) के डिस्पले बोर्ड पर जिसका बैकग्राउण्ड पीला, लेटर (लेटर हिन्दी में होगा) काला रंग का होगा चिकित्सालय के मुख्य द्वारा पर स्पष्ट दिखने वाले स्थान पर प्रदर्शित करेंगे।

## नई दवाओं के खोज में आण्विक गति शीलता महत्त्वपूर्ण – प्रो. राज कुमार मिश्रा

### कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री पर कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर मालिक्युलर डायनामिक्स पर हुआ व्याख्यान और प्रशिक्षण



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोधा संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर आण्विक गतिशीलता (मॉलिक्युलर डायनामिक्स) पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। रसायन विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. राज कुमार मिश्रा ने बताया कि आण्विक गतिशीलता के अध्ययन से पदार्थों तथा अणुओं के गुणों को समझने में मदद मिलती है। आणविक गतिशीलता दवाओं तथा डीएनए के बीच के परस्पर क्रिया तथा प्रभाव का पता लगाने में महत्वपूर्ण होता है। प्रो. मिश्रा ने प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से आण्विक गतिशीलता का प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में विशेष वक्ता के रूप में रसायन विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार यादव ने आण्विक गतिशीलता के बारे में विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को बताया। डॉ यादव ने प्रतिभागियों को एब इनिशियो तरीके से आण्विक गतिशीलता के अध्ययन के बारे में चर्चा किया। अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने किया। सत्र की संचालन कार्यशाला संयोजक डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ अजीत सिंह, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ विजय शंकर तथा सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए जिलाधिकारी ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। 15 अप्रैल जनपद में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित विविध जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलक्ट्रेट परिसर में 'मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत परिसर में एक बड़ा बैनर लगाकर जिसपर लिखा है ''ड्रेमोक्रेसी वाल'' पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील किया है कि 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बनी सेल्फी प्वाइंट ''मेरा वोट मेरी ताकत'' सेल्फी पाइंट पर अधिकरियों ने सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी विभागों, स्कूल कालेजों व्यापार मंडल, समाजिक संस्थाओ से भी अपील किया है कि मतदान के प्रति जागरुकता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए इस तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये। जिलाधिकारी ने बताया कि गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था, लेकिन इस बार हमारा प्रयास 70 प्रतिशत से अधिक ले जाने का है। इसको लेकर स्वीप की ओर से कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 में अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाए, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। मुख्य विकास अधिकारीध्स्वीप प्रभारी श्री साई तेजा सीलम ने कहा कि जिले के मतदाता 25 मई को लोकतंत्र की उत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं। निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान कर, अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्य निभाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी ईशिता किशोर, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रजक्ता त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें तथा हस्ताक्षर कर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

## लायन्स क्लब क्षितिज ने हिन्दी नववर्ष पर लगातार तीसरे वर्ष किया भव्य डाण्डिया महोत्सव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। लायंस क्लब क्षितिज ने हिंदी नववर्ष व चौत्र नवरात्रि पर भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन राजमहल में किया। यहां शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने हिस्सा




लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां की आरती व पूजा डॉ रजनी कांत द्विवेदी के द्वारा संपन्न हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ समाजसेवी व उद्घाटनकर्ता लायन्स क्लब इंटरनेशनल मण्डल 321ई के गेट एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा, वाइस मल्टिपल काउंसिल चेयरमैन सीए सौरभ कान्त, निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलबीर सिंह बग्गा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम डा अर्पण धर दुबे, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय उदय चन्दानी, डिप्टी गवर्नर राकेश श्रीवास्तव पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन यथार्थ, निर्वाचित कैबिनेट सचिव सुधीर भल्ला, कैबिनेट कोषाध्यक्ष रिशी जायसवाल, बालाजी, लायन क्लब क्षितिज के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व वर्तमान अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ आदि ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये व दीप प्रज्ज्वलन करके शुभारंभ किया। इसके बाद बनारस से आई गई का अंशिका सोनी ने अपने गीतों से महफिल में समा बांध दिया। इसके पश्चात संस्था की महिलाओं किरण सेठ ,ट्विंकल सेठ ,चेतना साहू, शिल्की श्रीवास्तव ,बबीता जायसवाल दीपिका चौरसिया ,उमा गुप्ता ,शिल्पी जायसवाल द्वारा प्रभु राम के आगमन में ईस्तुति का मंचन किया गया। संस्थाध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ व चार्टर अध्यक्ष शशांक सिंह रानू जोन चेयरपर्सन विष्णु सहाय , पूर्व अध्यक्ष जयकिशन साहू पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह व साथियों ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात अमर सुदामा ग्रुप प्रतापगढ़ से आई राधा कृष्ण की झांकी , महाकाल के रूद्र रूप वह मां काली के दिव्य स्वरूप का दर्शन व फूलों की होली ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ज्ञान प्रकाश सिंह जी ने हिंदू नव वर्ष की बधाई दी और कहा कि लायन्स क्लब क्षितिज ने बहुत ही कम समय में सेवा और सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेकर समाज में अपना अलग स्थान बनाया है। इसके साथ ही उन्होंने क्लब के इसी तरह आगे बढ़ने की मंगल कामना की। वॉइस एम सी सी सौरभ कांत ने कहा कि मैं जब भी इस संस्था में आता हूँ, सदस्यों को एक नई ऊर्जा से भरा हुआ पाता हूँ और जितने कम समय में इस संस्था ने पूरे मण्डल में अपना अलग स्थान बनाया है वो काबिलेतारीफ है। जो सेवा भाव और समर्पण कि भावना लायंस क्लब क्षितिज के सदस्यों के अंदर दिखाई देती है, वह आज तक मैंने किसी भी अन्य क्लबों में नहीं देखा।

महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने जमकर डांडिया खेला। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं हुई और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बेस्ट कपल डांस के लिए विशाल बरनवाल और एकता बरनवाल को व वंशिका मनीष को द्वितीय पंकज को तृतीय , बेस्ट फीमेल डांस के लिए ट्विंकल सेट को प्रथम दीपशिखा चौरसिया को द्वितीय डॉक्टर प्रिया सिंह को तृतीय बेस्ट गेट अप फीमेल में यशिका प्रथम गायत्री द्वितीय शिल्की श्रीवास्तव तृतीय बेस्ट मेल डांस के लिए रंदीप को प्रथम व सुनील को द्वितीय अभिनव को तृतीय पुरस्कार व बेस्ट मेल गेटअप के लिए राकेश को प्रथम पंकज को द्वितीय रामकृपाल को तृतीय वह फ्री स्टाइल डांडिया के लिए राकेश को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह व अर्चना सिंह पूर्व अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जैकी व चेतना साहू, सचिव प्रदीप श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष विनय बारोतिया ,देव आनंद ,अजीत सोनकर, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, उपाध्यक्ष संजय बैंकर, सर्वेश जायसवाल, डॉ चंदन गुप्ता, जगन्नाथ मोदनवाल , अभिषेक गुप्ता , नीरज सिंह ,देवेश जी ,सुनील जायसवाल , हसन अब्बास, मनीष मौर्य, डॉ प्रशांत दिवेदी, प्रदीप सिंह, दिलीप जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, सुनील कनौजिया, कौशल त्रिपाठी , दीपक साहू, हाफिज शाह, आशीष सिंह, आशीष चौरसिया, रत्नेश गुप्ता , डॉ विकास रस्तोगी मनीष गुप्ता रामअचल मौर्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गेट एरिया लीडर लायन क्षितिज शर्मा द्वारा एक मधुर व मनमोहक गीत गाकर लोगों को फिर से डांडिया के लिये झुमा दिया । निर्णायक के रूप में शर्मिला सिंह, ज्योति कपूर, ममता उपाध्य ,मंजू जायसवाल रही कार्यक्रम का संचालन लायन अतुल सिंह व लायन संजय गुप्ता ने किया।

## आम जनमानस को मतदान करने हेतु प्रेरित करें – मंगला प्रसाद सिंह'



'ब्यूरो रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' सोमवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नोटरी अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के नामांकन की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने गोष्ठी के अंत में सभी अधिवक्ताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी तथा आम जन को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण'

'ब्यूरो रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'शाहजहांपुर' जनपद शाहजहांपुर में निर्वाचन चतुर्थ चरण में नामांकन 18 से 25 अप्रैल तक होगें। निर्वाचन की अधिसूचना की दिनांक 18 अप्रैल 2024 को जारी होगी। नाम निर्देशन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों की जांच का दिनांक 26 अप्रैल, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 29 अप्रैल तथा मतदान 13 मई को व मतगणना 04 जून को होगी। जिस हेतु प्रशासन द्वारा निरंतर तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु चिह्नित किये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर व बाहर की गई बैरिकेटिंग तथा सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनतापूर्ण निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि उम्मीदवार चार प्रस्तावक के साथ कुल पांच व्यक्ति ही एक साथ नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवारों के नामांकन के लिए तीन वाहन ही अनुमन्य है जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की परिधि के बाहर रहेंगे। जनपद में धारा 144 लागू है जिसका सभी को पूर्णतया पालन करना है। उम्मीदवारों के लिए कलेक्ट्रेट के कार्यालयध न्यायालय जिलाधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर गेट–2 से प्रवेश द्वार रहेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन का नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में कक्ष संख्या 10 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र, कक्ष संख्या 11 में 18–25 अप्रैल तक होगें। उन्होंने बताया कि 06 जून 2024 से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जायेगा। डीईओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए।



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राशन कालाबाजारी करने पर कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) सदर तहसील के पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार द्विवेदी ने आज कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। इसमें कहा है कि उचित दर विक्रेताओं की स्थिति का परीक्षण आनलाइन रिपोर्ट से किया गया। इसमें पता चला कि टड़ियावां ब्लॉक व थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थोकखाला के कोटेदार रामरतन ने कम खाद्यान्न का वितरण किया। करीब 48.46 कुंतल गेहूं व 83.93 कुंतल चावल, 12.74 कुंतल बाजरा, 6.38 कुंतल ज्वार के अलावा चीनी व मक्का कम पाई गई। उन्होंने इसे कार्डधारकों को न बांटकर कालाबाजारी कर ली है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर टड़ियावां थाने में कोटेदार रामरतन के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इसकी जांच एसआई विजय कुमार सिंह को सौंपी गई है।

## 'अग्निशमन कर्मियों ने कालेज के बच्चों को बताये आग पर काबू पाने के गुर किया जागरूक'

'ब्यूरो रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'पाली–(हरदोई)' नगर स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में सोमवार को सवायजपुर से पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने छात्रध छात्राओं को आग पर काबू पाने के कई प्रकार के तरीकों को बताते हुए जागरुक किया। सवायजपुर अग्निशमन प्रभारी चौहान गौतम के नेतृत्व में विभाग के कर्मियों ने आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान के साथ साथ बच्चों को हैंड बिल वितरित किये। उन्होंने बताया कि हैंड बिल में दिए सिद्धांतों को सभी बच्चे सावधानी पूर्वक पढ़ें और अपने और अपने समाज के जीवन का अंग बने ताकि जनजीवन और जनसंपत्ति की सुरक्षा हो सके। बच्चों को आग पर काबू पाने वाले अग्निशमन यंत्र को चलाने संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया। अग्निशमन दल के पदाधिकारी चौहान गौतम ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं साथ ही उन्होंने बताया कि आग लगने के कई कारण हो सकते हैं। आग कभी–कभी इतनी विकराल हो जाती है कि लोग पूरी तरह बर्बाद हो जाते हैं। उनकी कमाई का सब कुछ जलकर राख हो जाता है। जागरूकता फैलाकर आग पर काबू पाया जा सकता है। अभी गेहूं की फसल की कटाई व दौनी का समय है। कई बार थ्रेसर की चिंगारी से निकली आग आसपास के क्षेत्र को भी अपनी चपेट में ले लेती है,जिससे भारी नुकसान होता है। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ वीपी द्विवेदी ने कहा कि अग्निशामक टीम के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे और अविभावक जागरूक होंगे और भविष्य में ऐसी स्थिति में बताये गये उपायों को प्रयोग में लायेंगे। इसी क्रम में दमकल विभाग कर्मियों ने पाली के नत्थन बानो बाबू खां जनता कालेज में भी बच्चों को आग पर काबू पाने के उपायों को प्रदर्शन के माध्यम से सिखाकर जागरूक करते हुए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर दमकल प्रभारी चौहान गौतम,फायर फाइटर नरेश कुमार नंदकिशोर यादव, पपेंद्र कुमार के अतिरिक्त कालेज के बच्चों सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।



## केनरा बैंक ने डाक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई




लखनऊ (आर एल पाण्डेय )। बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर केनरा बैंक एससी एसटी एम्पलाइज और अधिकारी संगठन के द्वारा गोमतीनगर स्थित भीमराव अंबेडकर मैदान के सामने एक भव्य स्टाल लगाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे बैंक के उपमहा प्रबंधक संजय कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के बनाये सिद्धांतों और उनके आदर्शों पर चल कर देश के उत्थान के सभी को अपना योगदान देने पर बल दिया।

इस अवसर पर एस सी एस टी संघठन के जितेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अंकित गौतम, विकास आदि अन्य विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। सी बी ओ ए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनंजय, आर ओ लखनऊ प्रथम के सचिव विवेक सोनकर समेत अन्य आगन्तुक उपस्थित हुए। संघठन द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं लेखक सर्व मित्र भट्ट ने उक्त जानकारी दी।

## उ0 प्र0 सीवर कर्मचारी परिषद द्वारा भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की मनाई गई 133वीं जयंती




मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सीवर कर्मचारी परिषद की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ तेहरी भोज लड्डू वितरण शरबत वह बूंदी बांट कर मनाया गया । जिसमें सम्मिलित रहे। हरेंद्र यादव जी परिषद के अध्यक्ष सोनू कुमार धानुक ,महामंत्री शिव शंकर भारती ,उपाध्यक्ष मोनू धानुक, दयाशंकर ,जयराज ,अनुज, दुर्गेश, कमलेश ,नंदलाल , अरविंद श्याम जी, श्याम कुमार आजाद ,अभिलाष, शोभित ,राजेश, प्रमेश, राजेश ,सतीश, विजय, शानू धानुक, विशाल भारती सम्मिलित रहे।

# मेले में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात - राकेश कुमार राय



(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। चौत्र राम नवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में जीआरपी पुलिस कर्मियों के साथ साथ पीएसी के जवानों ने चिन्हित स्थानों पर कमान संभाल लिया है। वही मेले में अराजक तत्वों द्वारा किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए डाग स्क्वायड टीम,बम निरोधक दस्ते,डाग स्क्वायड की टीमें भी भ्रमणशील रहेगी।इस बात की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक जीआरपी राकेश कुमार राय ने बताया कि मेले के दौरान डाग स्क्वायड टीम,बम निरोधक दस्ते, जीआरपी पुलिस, पीएसी द्वारा अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सभी स्थानों व इधर से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की सघनता से चेकिंग किया जा रहा है। वही चेकिंग के दौरान रेल यात्रियों से अपील किया जा रहा है कि अगर उनके आसपास कोई संदिग्धावस्था में व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को दे।उन्होंने रेल यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि जिसके चलते किसी भी अप्रिय घटनाओं से समय रहते नियंत्रित किया जा सके।उन्होंने बताया कि मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये एक प्रभारी निरीक्षक जीआरपी,16 उप निरीक्षक,143 कांस्टेबल,7 महिला कांस्टेबल, एक प्लाटून पीएसी,डाग स्क्वायड टीम,बम निरोधक दस्ता के जवानों की तैनाती की गई है। जिसमें आधे से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अयोध्या धाम पर की गई है, शेष अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन, सलारपुर, रामघाट हाल्ट, दर्शन नगर रेलवे स्टेशन, आचार्य नरेन्द्र देव पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है।उन्होंने बताया कि यह तैनाती 20 अप्रैल तक रहेगी।

# चौत्र राम नवमी मे आठ सौ से अधिक यातायात कर्मियों ने संभाली कमान – अभिमन्यु शुक्ला

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)



अयोध्या। चौत्र राम नवमी मेले को लेकर यातायात पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने के लिये खाका तैयार कर लिया है।मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये 800 से अधिक यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती विभिन्न स्थलों पर रविवार की रात से 19 अप्रैल तक रहेगी।इस बात की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक यातायात अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि चौत्र राम नवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त संख्या में यातायात कर्मी तैनात रहेंगे।उन्होंने बताया कि मेले में 12 यातायात निरीक्षक,181 यातायात उप निरीक्षक तथा 692 यातायात हेड कांस्टेबल की तैनाती अयोध्या शहर व अयोध्या धाम सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर तैनात रहेंगे।उन्होंने बताया कि सबसे अधिक यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती राम पथ, राम जन्मभूमि मंदिर के सामने,नया घाट,लता मंगेशकर चौक, हनुमान गढ़ी सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या शहर व अयोध्या धाम में कुल 200 से अधिक ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां पर पर्याप्त संख्या में यातायात निरीक्षक, यातायात उप निरीक्षक व यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी।यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि मेले मे एक दर्जन से अधिक मोबाइल प्वाइंट, पांच क्रेन,तीन लिफ्टर को विभिन्न प्वाइंट्स पर लगाया जायेगा। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के लिये मेला क्षेत्र में 1500 से अधिक बैरियर प्वाइंट को चिह्नित किया गया है,वही राम पथ पर एक दर्जन से अधिक विभिन्न स्थानों पर लोहे के बैरियर लगायें जायेगे।

# शहीद अग्निशमन कर्मियों को एसपी ग्रामीण व सीएफओ सहित अन्य कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। रविवार को पुलिस लाइन में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के मौके पर 14 अप्रैल 1944 को बंदरगाह मुंबई पर भीषण अग्निकांड में शहीद 66 अग्निशमन कर्मियों को एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर,सीएफओ एमपी सिंह,अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी,अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने शोक प्रकट कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया।इस मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने कहा कि अग्निशमन विभाग का कार्य काफी जोखिम भरा होता है। जब कभी भूकंप, अग्निकांड, बाढ़,भू स्खलन सहित अन्य बड़े आपदाओं की घटनाएं घटित होती है तब अग्निशमन विभाग के कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना इन घटनाओं में फंसे लोगों की जान बचाने में जुट जाते हैं।इस मौके पर अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत सीएफओ एमपी सिंह ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आग से



बचाव के लिये प्रचार–प्रसार हेतु गाडियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह रैली अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस लाइन से निकल कर रिकाबगंज, नियांवा,रीडगंज चौक होते हुए पुलिस लाइन पर आकर समाप्त हुई।सीएफओ एमपी सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पी0ए0 सिस्टम,बैनर व पम्पलेट आदि के माध्यम से आम जनमानस को आग से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा।

# प्लास्टिक का बेहतर विकल्प केले का रेशा – डा रिम्पी पांडेय

अयोध्या। प्लास्टिक का बेहतर विकल्प केले का रेशा हो सकता है।यह बातें महिलाओं को प्रशिक्षण देते हुए कानपुर से आई डाक्टर



रिम्पी पांडेय ने बताया।उन्होंने ओंकार सेवा संस्थान द्वारा अमानीगंज विकासखंड के एन सी टी ओ पी टी इंटर कालेज मोहली में संचालित आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम में महिलाओं को केले के रेशे से टी कोस्टर, प्लेट,टेबल मैट सहित अन्य वस्तुओ को बनाते समय कहीं।प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कृषि कार्य में उपयोग में आने वाली प्लास्टिक शीट की जगह केला के रेशा से निर्मित कपड़ा का उपयोग किया जा सकता है।इससे हम प्लास्टिक के उपयोग से बच सकते है तथा इसके साथ ही केला रेशा में नाइट्रोजन ,फॉस्फोरस,पोटाश तथा अन्य सूक्ष्म तत्व भी मिट्टी को प्राप्त होंगे।जिसके चलते किसान की उर्वरक की लागत कम होगी तथा यह मिट्टी में आसानी से विघटित हो जायेगा,जिससे उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी।कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसान सब्जी की खेती में लिए मल्चिंग शीट के लिए प्लास्टिक का प्रयोग करते है। ,जिससे किसान की लागत बढ़ती है तथा उसे कई बार बदलना पड़ता है और एक दो वर्ष के अंदर हो वह फट भी जाती है।ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए हमे केला रेशा एक बेहतर विकल्प के रूप में काम कर सकता है।संस्था के द्वारा इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके नाबार्ड के माध्यम से सरकार को भेजी जाएगी।नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव के नेतृत्व में महिलाओं को केला रेशा से संबंधित विस्तृत और सर्वांगीण प्रशिक्षण प्रदान किया जा जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद उन्हे उत्पाद तैयार करने हेतु आवश्यक संसाधन भी प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में कमल कांति ,प्रीति सिंह ,अनीता तिवारी ,राजकुमारी ,संगीता ,सरोज सिंह,संगीता सिंह ,सुनीता सिंह सहित द्वितीय बैच की सभी महिलाएं उपस्थित रही।

# सवारियो को छतों पर बिठाकर बस चालक आरटीओ व पुलिस विभाग को दे रहे खुलेआम चुनौती



अयोध्या। अभी तक मैजिक व टैक्सियों पर ही वाहन चालक सवारियो को पीछे लटका कर चलते थे।अब हाइवे पर बसों के ऊपर भी बस चालक सवारियो को बिठाकर चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिस पर आरटीओ प्रवर्तन, यातायात पुलिस व संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस ध्यान देते नजर नहीं आ रहे हैं।इस समय हाइवे पर इस तरह की नजारे कही जगहों पर मिल रहे हैं जहां पर फर्राटा भरते हुए बस मैजिक व टैक्सियों को देखा जा सकता है।बताते चलें कि इस समय आरटीओ प्रवर्तन,यातायात पुलिस व थानों की पुलिस आये दिन इन जगहों पर चेकिंग अभियान चलाते हुए नजर आते हैं।वही वाहन चालक मानक से अधिक व यातायात नियमों के विपरीत सवारियों को बिठा कर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके साथ ही साथ इससे संबंधित विभाग के कार्यशैली पर सवालिया निशान भी उठ रहा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का भव्य उद्घाटन

**–फिल्म अभिनेता रुद्र सोनी एवं सुहानी सरीन ने बढ़ाई फिल्मोत्सव की रौनक।**

**–यह फिल्मोत्सव भावी पीढ़ी को जीवन मूल्यों की शिक्षा देने में सफल होगा – दुर्गा शंकर मिश्र, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र.**

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के फिल्म्स डिवीजन के तत्वावधान में विश्व का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.–२०२४) आज से सी.एम.एस. सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में प्रारम्भ हो गया। मुख्य अतिथि श्री दुर्गा शंकर मिश्र, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र. ने दीप प्रज्वलित कर बाल फिल्मोत्सव का विधिवत् उध्द्घाटन किया जबकि फिल्म अभिनेता रूद्र सोनी एवं अभिनेत्री सुहानी सरीन ने अपनी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा में चार–चाँद लगा दिये। इस अवसर पर लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों से पधारे लगभग १०,००० छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति ने इस आयोजन की सार्थकता सिद्ध कर दी। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का आयोजन १५ से २१ अप्रैल तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास करना है। बाल फिल्मोत्सव का उध्द्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री दुर्गा शंकर मिश्र, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र. ने कहा कि शिक्षात्मक बाल फिल्मों को निःशुल्क प्रदर्शन किशोरों व युवाओं को जीवन मूल्यों की शिक्षा देने का कारगर तरीका है। मुझे खुशी है कि इस बाल फिल्मोत्सव में कई देशों की अच्छी–अच्छी बाल फिल्में दिखाई जा रही है, जिससे बच्चों में नैतिकता का विकास होगा। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर सभी आमन्त्रित अतिथियों व विशिष्ट हस्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि सी.एम.



एस. देश का पहला स्कूल है जो इस तरह का फिल्म फेस्टिवल आयोजित करता है, जिसमें खास तौर से बच्चों के लिए बनाई गई चारित्रिक गुणों से परिपूर्ण बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जाती हैं। उद्घाटन समारोह के उपरान्त अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का शुभारम्भ बाल फिल्म शविश्व एकता के पथिक डा. जगदीश गाँधीश से हुआ। यह फिल्म शिक्षा जगत के महानायक एवं विश्व एकता व विश्व शान्ति के अग्रदूत रहे स्वं. डा. जगदीश गाँधी की जीवन यात्रा को दर्शाती है। इस फिल्म में डा. जगदीश गाँधी की शून्य से शिखर तक की जीवन यात्रा एवं शिक्षा जगत, सामाजिक उत्थान एवं भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान को फिल्माया गया है।

इस अवसर पर आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में लखनऊ पधारे विशिष्ट अतिथियों ने इस ऐतिहासिक आयोजन पर अपने विचार व्यक्त किये। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभिनेता रूद्र सोनी ने कहा कि बच्चों के चारित्रिक व नैतिक विकास के लिए फिल्म जैसे सशक्त माध्यम का उपयोग सी.एम.एस. की एक अनूठी पहल है। अभिनेत्री सुत्री सुहानी सरीन ने कहा कि बच्चे बच्चों के लिए बनी फिल्में ही देखें। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पधारे इन फिल्म हस्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि यह सात दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव सभी के लिए पूर्णतया निःशुल्क है एवं लखनऊ के सभी स्कूलों के बच्चे, युवक, माता–पिता, अभिभावक व शिक्षक श्प्रथम आगत प्रथम स्वागतश के आधार पर बाल फिल्में देखने के लिए आमंत्रित हैं। श्री शर्मा ने बताया कि इस बाल फिल्मोत्सव में ६१ देशों की लगभग ५०१ बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा रही हैं। फिल्म फेस्टिवल में प्रथम शो प्रातः ६.०० बजे से एवं दूसरा शो दोपहर १२.०० बजे से आयोजित किया जा रहा है।

# भक्ति में शक्ति से मिला दो सगे भाइयों को कई वर्षो बाद एक–एक पुत्र, डीजे पर झूमे श्रद्धालु



माता के आशीर्वाद से दो भाईयों को हुए एक-एक पुत्र। DJ पर झूमें भक्त

धनन्जय विश्वकर्मा

आजमगढ़। हिन्दू धर्म में नव दिन नवरात्रि पर्व का बहुत महत्व होता है। भक्त अपने तरह तरह के मुरादों को नवरात्र में आदि शक्ति माता से कल्याण के लिए मानते हैं। और भक्तों के मुराद के अनुसार भक्ति में शक्ति से पूर्ण होता है मनोकमना। सूत्रों के अनुसार आजमगढ़ जिला के दीदारगंज थाना क्षेत्र गम्हरी गांव में देवी की पुजारीन प्रेमलता यादव ने काफी दिनों से माता जी का पूजा अर्चना करती हैं। देवी जी प्रसन्न होकर पुजारीन प्रेम लता को जन कल्याण के लिए वरदान दिया। जो आजमगढ़ जिला के आसापास जनपद में जन कल्याण कार्य से विख्यात हैं। मौके पर मौजूद श्रद्धालु ने बताए कि यहां आने से मनुष्य के जीवन में हर समस्याओं का लगभग समाधान हो जाता है। जैसे भूत प्रेत, किया–कराया, व्यापार में बाधा, आदि को माता जी ने ठीक कर दिया। तभी उपरोक्त थाना क्षेत्र अंतर्गत तिघरा गांव से एक भक्त डीजे के साथ अपने परिवार संग बच्चों को लेकर माता के दरबार गम्हरी गांव पहुंचा, और माता जी के दरबार में पचारा गीत पर खूब झूमे। उस भक्त से बात करने पर बताया कि हम दोनों भाई को भक्ती में शक्ति से मिला दोनो सगे भाइयों को कई वर्षो बाद एक–एक पुत्र। अतर सिंह यादव 33 वर्ष पिता संतलाल यादव, रिंकी यादव पत्नी अतर सिंह यादव को दो बच्चियों के बाद 7 वर्ष आदर्श यादव का जन्म हुआ। वहीं अमर सिंह यादव 37 वर्ष पिता संतलाल यादव मनीषा यादव पत्नी अमर सिंह यादव को दो बच्चियों के बाद 9 वर्ष पर आकर्ष यादव के जन्म से परिवार काफी खुश है और गम्हरी के माता जी के पुजारीन को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। वहीं पुजारीन प्रेमलता का कहना है कि माता रानी के आशिर्वाद से कई असम्भव प्रेति बाधाए दूर हुए है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारे में कोई शक्ति नहीं है सब माता जी करती हैं। माता ने हमें केवल एक माध्यम बनाई है। जिससे जनपद से ही नहीं बल्कि पुर्वांचल क्षेत्र के कई जनपदों के पीड़ित लोग आते हैं। और ठीक भी होगए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें भी क्या पाता किसके घर क्या हुआ है सब माता जी बताती हैं और वहीं सबको समस्या से छुटकारा देती हैं।

# वजीरगंज में भी हर्षोल्लास पूर्वक मना भीम राव अम्बेडकर जयंती समारोह

अयोध्या। रविवार को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 133 जयंती समारोह जिले में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। इसी कड़ी मे शहर के वजीरगंज स्थित सोनकर गढ़ में सोनकर परिवार एवं वार्ड वासियों के द्वारा अम्बेडकर जयंती समारोह धूम धाम से मनाया गया।रंजीत सोनकर ने भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण किया।मौके पर अंकित सोनकर,भीम रतन,रजत,मोनू के साथ साथ सुनील ,अनिल, अजीत, मोहित, सुजीत, अशोक सोनकर, रामधारी,नरेंद्र, जितेंद्र, सुरेंद्र यादव, विक्की यादव, मुकेश, बृजलाल, अजय, सोनकर, सनी, छोटू, बसंत, मदन मोहन सोनकर,दीपू सोनकर, मुकेश सोनकर,सोनू सोनकर, भोलानाथ सोनकर ,किशोर चौधरी, प्रिंस सोनकर सहित कई लोग मौजूद रहे।



# अपना ग्रुप द्वारा भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की मनाई गई 133वीं जयंती

मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। सेक्टर–10C वृंदावन योजना–2 लखनऊ में अपना ग्रुप के तत्वाधान में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई। जिसमें बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया गया बाबा साहब जयंती कार्यक्रम में बौद्ध भिक्षुओं ने पंचशील का पाठ पढ़ाया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय गौतम जी ने किया। बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण किया गया सभी ने पूरी सब्जी और खीर का आनंद लिया वहां पर उपस्थित अपना ग्रुप के सभी सदस्यों में नई उर्जा दिखाई दी भारी संख्या में लोगों ने खूब धूमधाम उल्लास से जयंती मनाई। कार्यक्रम में अपना ग्रुप के महावीर प्रसाद वघेल (अध्यक्ष),हरि सिंह दोहरे (सचिव),राम हर्ष प्रसाद, डाक्टर विजय गौतम, रंजीत सिंह,सुनील कुमार सिंह, मथुरा पटेल,सुभाष यादव,प्रमोद कुमार,सुशील सिंह,राजेश सिंह, विपिन कुमार,वेद पाल,रमेश चन्द्र इत्यादि अपना ग्रुप के सभी लोग उपस्थित रहे सभी ने



बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की कसमें खाई।

# माँ भारती और बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

लखनऊ (आर एल पाण्डेय)। सीमा जागरण मंच के मुख पत्र, सीमा संघोष के वार्षिक विशेषांक, भारत के प्रथम गाँव, की पुस्तिका का विमोचन, पंडित सूर्य कांत त्रिपाठी मेमोरियल स्कूल में



किया गया। प्रतिभाशाली छात्र और छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंटर कालेज कालू खेड़ा, उन्नाव में किया गया। बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर रहे। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत, माँ भारती और बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।छात्रों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। युवा छात्रों के द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर संवाद किया गया।पंडित सूर्य कांत त्रिपाठी मेमोरिल इंटर कालेज के प्रबंधक सतीश त्रिपाठी और सहयोगियों द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का फूल माला और पटका पहनाकर स्वागत किया। ए एन मिश्रा, पूर्व प्रबंधक केंद्रीय विद्यालय ने छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए लगन से पढ़ायी करने के लिए प्रेरित किया।सीमा जागरण मंच के पदाधिकारी अमरेंद्र जी, अरुण खरे, दिलीप सिंह भदौरिया, स्वतंत्र त्रिपाठी ने अपने संगठन के द्वारा सीमांत गाँवों में किये जा रहे कार्यों को अवगत कराया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री एवं अवध प्रांत के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने छात्रों को सफल और सुखी जीवन के बारे में बताया और कहा कि सुरक्षित, नशा मुक्ति और विकसित भारत के लिए लोकतंत्र के पर्व में आने वाले चुनाव में अधिकतम वोट देकर मजबूत सरकार बनाने में सहभागिता करने का आवाहन किया, राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने का मूल् मंत्र दिया. जिससे विश्व में माँ भारती का तिरंगा और भी गर्व से लहराता रहे। प्रिंसिपल ऐश्वर्या मिश्रा,कालेज के अध्यापक, अन्य कर्मचारियों और छात्रों के सराहनीय कार्य से कार्यक्रम सफल हुआ। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत माता की जय, वन्दे मातरम के जोशीले नारों के वाद जल पान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जय हिन्द,

# सड़क काफी दिन से खुदी हुई है बहुत ही धीमी गति से हो रहा है काम



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। जनता गर्ल्स इंटर कॉलेज के सामने अर्जुन नगर पटेल नगर आलमबाग क्षेत्र में यह सड़क काफी दिन से खुदी हुई है बहुत ही धीमी गति से काम हो रहा है। यह सड़क सुजानपुर रोड है आलमबाग बस अड्डे के सामने वाली दोनों सड़कों पर 5–6 महीना से लगातार सीवर का काम चल रहा है और काम खत्म नहीं किया जा रहा है जिससे पूरे क्षेत्र वासियों को परेशानी है। पूरे क्षेत्र वासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आने जाने का रास्ता ही बंद है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI सन्दर्भ संख्या - 24/234/2019/R/-1
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।